दिनांक 11.09.2025 को दोपहर 12:00 बजे बैठक हाल, प्रथम तल, जिला विकास भवन, रोहतक में श्री रामअवतार बाल्मिकी, महापौर, नगर निगम रोहतक की अध्यक्षता में नगर निगम, रोहतक की सामान्य बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुएः-

1. श्री अक्षय कुमार, सदस्य वार्ड नं0 01, नगर निगम, रोहतक।
2. श्रीमती आशा लता, सदस्य वार्ड नं0 02, नगर निगम, रोहतक।
3. श्रीमती ज्योति, सदस्य वार्ड नं0 03, नगर निगम, रोहतक।
4. श्रीमती रिन्कु, सदस्य वार्ड नं0-04, नगर निगम, रोहतक।
5. श्री सुरेश चन्द्र, सदस्य वार्ड नं0 05, नगर निगम, रोहतक।
6. श्री कपिल नागपाल, सदस्य वार्ड नं0-07, नगर निगम, रोहतक।
7. श्रीमती अंजु सैनी, सदस्य वार्ड नं0-08, नगर निगम, रोहतक।
8. श्री बिजेन्द्र सिंह, सदस्य वार्ड नं0-09, नगर निगम, रोहतक।
9. श्रीमती मनीषा, सदस्य वार्ड नं0 10, नगर निगम, रोहतक।
10. श्री परीक्षित देशवाल, सदस्य वार्ड नं0-11, नगर निगम, रोहतक।
11. श्री सुशील, सदस्य वार्ड नं0-12, नगर निगम, रोहतक।
12. श्रीमती कृष्णा, सदस्य वार्ड नं0-13, नगर निगम, रोहतक।
13. श्रीमति कंचन खुराना, सदस्य वार्ड नं0-14, नगर निगम, रोहतक।
14. श्रीमती अनीता, सदस्य वार्ड नं0-15, नगर निगम, रोहतक।
15. श्रीमती मुक्ता, सदस्य वार्ड नं0-16, नगर निगम, रोहतक।
16. श्रीमती डिम्पल जैन, सदस्य वार्ड नं0-17, नगर निगम, रोहतक।
17. श्रीमती बेबी रानी, सदस्य वार्ड नं0-18, नगर निगम, रोहतक।
18. श्री विजय कुमार गोयल, सदस्य वार्ड नं0-19, नगर निगम, रोहतक।

**19.** श्री प्रवीन कौशिक, सदस्य वार्ड नं0-20, नगर निगम, रोहतक।

**20.** श्री बिजेन्द्र सिंह, सदस्य वार्ड नं0-21, नगर निगम, रोहतक।

**21.** श्री रमेश बोहर, मनोनीत सदस्य, नगर निगम, रोहतक।

**22.** श्री अशोक कुमार वर्मा, मनोनीत सदस्य, नगर निगम, रोहतक।

**23.** श्रीमती अनीता गर्ग, मनोनीत सदस्य, नगर निगम, रोहतक।

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी पार्षदगणो तथा अधिकारियों का स्वागत किया तथा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यो व अधिकारियो द्वारा राष्ट्रीय गीत गाया गया। बैठक आरंभ करते हुए प्राकृतिक आपदा एंव बाढ के दौरान हुई जन हानि एवं पिछली सदन की बैठक से वर्तमान की बैठक तक दिवंगत हुई आत्माओ की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात सदन की बैठक में निम्नानुसार बिन्दुओ पर विचार-विमर्श किया गया:-

| क्रम संख्या | एजेन्डा | निर्णय |
|---|---|---|
| 1. | नगर निगम, रोहतक की सीमा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था बारे। | सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया व अध्यक्ष महोदय ने कहा कि सफाई अभियान के लिए जनभागीदारी अतिआवश्यक है। तदोउपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये:-<br>• अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में अपील की गई कि सभी वार्ड सदस्यगण अपने-अपने वार्डो के अंर्तगत आने वाले संस्थानों /दुकानों/मकानो पर कूड़ा एकत्रित करने लिए डस्टबिन का इस्तेमाल अवश्य करें। यदि कोई भी व्यक्ति इधर-उधर कूडा-कचरा डालता पाया जाता है तो उसका चालान किया जाये।<br>• मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिये गये कि वार्डो में डोर टू डोर जाने वाली गडियों के व ड्राईवर के मोबाईल नम्बर, वार्ड में कार्यरत सभी कर्मचारियों के नाम व मोबाईल नम्बर सभी वार्ड सदस्यों को उपलब्ध करवायें। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • नगर निगम, रोहतक द्वारा शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए जगह-2 पेन्टिग करवाई गई है, वहां पर विज्ञापन इत्यादि लगाकर दीवारे खराब कर दी जाती है ऐसे लोगो के बड़े चालान करवाये जायें।<br>• शहर में लोगों ने जगह-जगह कूडा डालकर डम्पिंग प्वाईट बना दिये है वहां पर एक-एक सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाये जो आमजन को कूडा वहां न डालने दे। |
| 2. | नगर निगम, रोहतक की सीमा क्षेत्र में अवैध कब्जों के संबध में। | आगामी त्यौहारी सीजन के मध्यनजर सभी वार्ड सदस्यो के अनुरोध पर स्थगित करते हुए निर्णय लिया गया कि वर्तमान में केवल नगर निगम की भूमि पर किए गए अवैध कब्जो को हटवाया जाये। |
| 3. | डेयरी काम्पलैक्स की डेयरियों को शिफट करने बारे व गंदगी फैलाने पर कार्यवाही करने बारे। | सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। |
| 4. | जन स्वास्थ्य विभाग, रोहतक से निम्नलिखित प्रांकलन प्राप्त हुए है, जिनकी राशी नगर निगम, रोहतक द्वारा जन स्वास्थ्य विभाग, रोहतक मे जमा करवाई जानी है :-<br>(1) Rohtak Town Desilting of 250 mm to 350 mm ild sewer line and reconstruction of new manhole in place of existing Houdis constructed over sewer lines in village Baliyana under Sub Division Horticulture, Rohtak. (Deposit Work M.C Rohtak)" amounting to Rs 73.63 Lacs<br>(2)<br>(2) Rohtak Town Estimate for cleaning of sewer lines by bucket type sewer machine 250 mm to 300 mm i/d SW pipe and Operation and Maintenance for 200mm to 300mm i/d, SW. pipe, R.C.C. pipe, Brick circular sewer etc. The O&M of the village Pehrawar will be started after completion of desilting of sewer lines under Sub Division No.6, Rohtak Period of O and M 36 Months from the date of commencement. (Deposit Work M. C. Rohtak) amounting to Rs. 58.72 Lacs. )<br>सदन में स्वीकृति हेतू प्रस्तुत है। | सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | नगर निगम, रोहतक क्षेत्र के अंर्तगत जगह चिन्हित करके **नमो वाटिका** नाम से एक पार्क का निर्माण करने बारे। | सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। |
| 6. | वन नेशन वन इलैक्शन के समर्थन में सदन की ओर से राष्ट्रपति को पत्र लिखने बारे। | सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। |

**इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित अधिकारियो को निम्नानुसार निर्देश दिए गए:-**

1. आयुक्त महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि नगर निगम, रोहतक द्वारा घर-2 से कूडा उठाने के लिए वर्क आर्डर कर दिया है उक्त कंपनी के कर्मचारी नगर निगम, रोहतक के अंर्तगत आने वाले सभी वार्डो में मकानो पर RFID टैग लगाकर जायेंगे, जब कूडे की गाडी उस घर के सामने से निकलेगी तो उस टैग को स्कैन करेगी व कूडा उठायेगी। इस प्रकार सभी घरों से कूडे का उठान किया जायेगा। आमजन से अनुरोध है कि वे इस कार्य मे सहयोग करे।
2. महापौर महोदय द्वारा बैठक में शहरी परियोजना अधिकारी को निर्देश दिये गये कि सभी वार्डो मे विशेष कैम्प का आयोजन कर आमजन को सरकार की योजनाओ के बारे में अवगत करवाये।
3. महापौर महोदय द्वारा सभी वार्ड सदस्यों से अपील की गई कि वार्डो में जिन खाली प्लाटों में गंदगी है उसकी सूचि कार्यालय में उपलब्ध करवाये ताकि उन्हे नोटिस जारी किये जा सके। इसके अतिरिक्त नगर निगम, रोहतक की जमीन पर कोई कब्जा इत्यादि पाया जाता है तो उसकी सूची भी नगर निगम, रोहतक कार्यालय में उपलब्ध करवाये तथा जो प्लाट गंदगी से भरे हुए है उन प्लाटधारको के निगम अधिकारियो द्वारा चालान किए जाये।

बैठक के अंत में अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सभी सदस्यों एवं अधिकारियो का धन्यवाद करते हुए राष्ट्रगान के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की।

महापौर,
नगर निगम, रोहतक।

क्रमांक MCR/Mayor/2025/ 176-179 दिनांक 29/09/2025

उपरोक्त की एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है:-

1. श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा माननीय सांसद, रोहतक लोकसभा क्षेत्र।
2. श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, माननीय विधानसभा सदस्य, गढ़ी सॉपला किलोई।
3. श्रीमति शकुन्तला खटक, माननीया विधानसभा सदस्य, कलानौर।
4. श्री भारत भूषण बत्तरा, माननीय विधानसभा सदस्य, रोहतक।

महापौर,
नगर निगम, रोहतक।

क्रमांक MCR/Mayor/2025/ 180-188 दिनांक 29/09/2025

उपरोक्त की एक प्रति निम्नलिखित को स्वीकृति हेतु प्रेषित है:-

1. आयुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार शहरी स्थानीय निकाय विभाग, चण्डीगढ़।
2. निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय, हरियाणा, पंचकूला।
3. आयुक्त, रोहतक मंडल, रोहतक।
4. उपायुक्त, रोहतक।
5. आयुक्त, नगर निगम, रोहतक
6. सभी वार्डो के सदस्यगण, नगर निगम, रोहतक।
7. सभी विभागाध्यक्ष, जिला रोहतक।
8. सभी शाखा प्रभारी, नगर निगम, रोहतक।
9. सहायक प्रबंधक, आई.टी.सैल, नगर निगम, रोहतक को नगर निगम, रोहतक की वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
10. रिकार्ड फाईल।

महापौर,
नगर निगम, रोहतक।